राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल से महाराष्ट्र के होम्योपैथी चिकित्सकों एवं विद्यार्थियों ने मुलाकात की

जयपुर, 3 मार्च। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे से सोमवार को राजभवन में महाराष्ट्र स्थित छत्रपति संभाजीनगर, होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों एवं होम्योपैथी चिकित्सकों के प्रतिनिधिमंडल ने श्री विजय वातोडकर के नेतृत्व में मुलाकात की।

राज्यपाल श्री बागडे ने इस दौरान उनसे संवाद कर राजस्थान की संस्कृति और विरासत के बारे में अवगत कराया। उन्होंने होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति का उपयोग पीड़ित मानवता की सेवाओं में किये जाने और चिकित्सा में सेवा–भाव को सर्वोपरि रखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किये जाने का आव्हान किया।

———



